सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

अष्टम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{10 फाल्गुन, 1934 (श0)}}{\text{01 मार्च, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1) स्वास्थ्य विभाग	..	..	01
(2) योजना एवं विकास विभाग	..	..	01
(3) ऊर्जा विभाग	..	..	01
		कुल योग ..	03

वैकल्पिक व्यवस्था करना

*'क'–14. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में केन्द्र से बिहार सरकार को 5954 करोड़ रुपये मिलने थे परन्तु अबतक राज्य को मात्र 1435 करोड़ रुपये ही प्राप्त हो सके हैं जिसके कारण नहरों के निर्माण, बरौनी थर्मल पावर प्रोजेक्ट पूरा करने, दीघा में गंगा रेल–सह–सड़क निर्माण, सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं चेकपोस्ट निर्माण जैसे कार्य बाधित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार केन्द्र द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने पर उसके प्रतिकार या वैकल्पिक व्यवस्था का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

डिग्रीयों को मान्यता दिलाना

23. डॉ0 इजहार अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज की नौ डिग्रीयाँ सूबे के बाहर अमान्य है, क्योंकि 50 वर्षों से एम0सी0आई0 के मानक पर खरा नहीं उतर पा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जब भी एम0सी0आई0 की टीम समीक्षा की लेकिन संसाधनों के अभाव में इन कोर्सों की मान्यता अमान्य कर दी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज में बुनियादी संसाधनों की कमी को पूरा कर एम0सी0आई0 के मानक पर खरा उतार कर इन डिग्रीयों को मान्यता दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

24. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली में 2800 मेगावाट का परमाणु ऊर्जा घर स्थापित करने हेतु वर्ष 2007 में भारत सरकार ने राज्य सरकार को भूमि एवं आवश्यकता अनुसार जल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया है, यदि हाँ, तो सरकार भूमि एवं जल उपलब्ध कराने हेतु कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 01 मार्च, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

---

*नोट–'क'–दिनांक 22 फरवरी, 2013 को सदन द्वारा स्थागित।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 233–डी0टी0पी0–450